पंजीयन क्र. 01/01/01/21204/09 पंजी. क्र. 3166

म.प्र.वेअरहाउसिंग एवं लाजिस्टिक्स कार्पो. फील्ड स्टॉफ एम्प्लाइज एसोसियेशन

निगम से मान्यता प्राप्त संघ

कार्यालय : 229 सी सेक्टर सर्वधर्म कॉलोनी, कोलार रोड–भोपाल मो. 9425870500

email : mpfsa2010@gmail.com

प्रमुख सलाहकार
श्री संदीप बिसारिया
9425870500

क्रमांक : 9/26 दिनांक : 18/11/26

प्रति,

माननीय श्री जीतू पटवारी जी,
अध्यक्ष, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी,
भोपाल।

विषय : **मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन के चेयरमैन के अधिकारों, सुविधाओं, वित्तीय व्यय एवं पूर्व सहकारिता कार्यकाल में हुई कार्यवाहियों के संबंध में ध्यानाकर्षण बाबत।**

आदरणीय महोदय,

सादर निवेदन है कि मध्यप्रदेश वेयरहाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कॉर्पोरेशन में वर्तमान चेयरमैन की कार्यप्रणाली एवं निगम के संसाधनों के उपयोग के संबंध में कुछ महत्वपूर्ण विषयों पर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं :–

निम्नलिखित बिंदुओं पर जानकारी एवं उचित समीक्षा आवश्यक है :–

1. चेयरमैन को प्राप्त वैधानिक, प्रशासनिक एवं वित्तीय अधिकारों की वास्तविक सीमा क्या है? क्या उन्हें निगम के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीधे निर्देश देने एवं प्रशासनिक निर्णयों में हस्तक्षेप करने का अधिकार है ?
2. चेयरमैन के साथ वर्तमान में कितने कर्मचारी एवं निजी स्टाफ कार्यरत हैं? उनका वेतन कितना है तथा भुगतान निगम की किस निधि अथवा बजट मद से किया जा रहा है?
3. विगत कई माह से चेयरमैन द्वारा निगम के वाहनों से विभिन्न जिलों एवं अन्य राज्यों की यात्राएं की जा रही हैं। इन यात्राओं की स्वीकृति, उद्देश्य, ईंधन, टोल टैक्स, वाहन संचालन एवं अन्य खर्चों का भुगतान किस नियम के अंतर्गत और किस मद से किया जा रहा है?
4. चेयरमैन के कार्यालय, स्टाफ, वाहन, यात्राओं एवं अन्य सुविधाओं पर अब तक निगम की राशि से कितना व्यय किया गया है?

निरन्तर 2

5. सहकारिता क्षेत्र में पूर्व में चेयरमैन रहते हुए उनके विरुद्ध यदि कोई शिकायत, जांच अथवा विभागीयध्वैधानिक कार्यवाही हुई है, तो उसकी वास्तविक स्थिति एवं संबंधित अभिलेखों की समीक्षा की जानी चाहिए।

6. चेयरमैन, प्रबंध संचालक (MD) एवं संचालक मंडल के अधिकारों की सीमाएं स्पष्ट करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि निगम का प्रशासनिक एवं वित्तीय संचालन निर्धारित नियमों के अनुरूप हो।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त विषयों को संज्ञान में लेते हुए संबंधित विभाग एवं शासन स्तर पर आवश्यक जानकारी प्राप्त करने तथा निगम के संसाधनों के उपयोग, वित्तीय पारदर्शिता एवं प्रशासनिक जवाबदेही की समीक्षा कराने हेतु उचित पहल करने का कष्ट करें।

सादर।

भवदीय

(संदीप बिसारिया)
प्रमुख सलाहकार